# झारखण्ड ट्राईबल डेवलपमेंट सोसाईटी

(अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की इकाई)

डॉ0 राम दयाल मुण्डा जनजातीय शोध संस्थान परिसर, मोराबादी, राँची।

दूरभाष / फैक्स – 0651–2552088

**झारखण्ड ट्राईबल डेवलपमेंट सोसाईटी (JTDS) के निदेशक मंडल की दिनांक 25/08/2021 को 11.30 बजे पूर्वाह्न् में सचिव, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग –सह– अध्यक्ष, JTDS की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट भवन, राँची अवस्थित नवनिर्मित सभाकक्ष का प्रथम तल के सभागार में सम्पन्न बैठक की कार्यवाही :–**

**उपस्थितिः–**

1. श्री कमल किशोर सोन, भा0प्र0से0, सचिव, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार –सह– अध्यक्ष, जे॰टी॰डी॰एस॰।
2. श्री नेसार अहमद, विशेष सचिव, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार।
3. श्री नमन प्रियेश लकड़ा, भा0प्र0से0, आदिवासी कल्याण आयुक्त, झारखण्ड सरकार।
4. उपायुक्त, दुमका।
5. उपायुक्त, लातेहार।
6. उपायुक्त, पश्चिमी सिंहभूम।
7. उपायुक्त, खूँटी।
8. जिला कल्याण पदाधिकारी, पाकुड़।
9. श्री भीष्म कुमार, भा0प्र0से0, राज्य कार्यक्रम निदेशक, झारखण्ड ट्राईबल डेवलपमेंट सोसाईटी, –सह– सदस्य सचिव।
10. श्री राकेश रंजन उराँव, झा0प्र0से0 उप निदेशक, डा0 रामदयाल मुण्डा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान।
11. श्री शैलेंद्र कुमार, सहायक निदेशक, कृषि विभाग, झारखण्ड सरकार।
12. श्री अनिल कुमार मुण्डा, अध्यक्ष, ग्राम सभा कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति, ग्राम– मकरूमडीह, प्रखण्ड – तमाड़, जिला– राँची (जनजातीय सदस्य)।
13. श्रीमती सुभद्रा देवी, अध्यक्ष, जागृति कमल महिला समूह, ग्राम– कुचरू, प्रखण्ड– तमाड़ु, जिला–राँची। (जनजातीय सदस्य)।

- (क्रम संख्या 04 से 08 तक के सदस्यों द्वारा Video Conferencing के माध्यम से बैठक में भाग लिया गया)

बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए सचिव, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग –सह– अध्यक्ष, जे॰टी॰डी॰एस॰ द्वारा बैठक की कार्रवाई प्रारंभ करने का निदेश राज्य कार्यक्रम निदेशक को दिया गया।

**<u>प्रस्ताव एवं चर्चा उपरांत निर्णय</u> :–**

<table>
<tr><th>एजेंडा संख्या</th><th>प्रस्ताव</th><th>निर्णय</th></tr>
<tr><td>1.</td><td>वित्तीय वर्ष 2021–22 का वार्षिक कार्य योजना एवं बजट एवं Procurement Plan पर स्वीकृति एवं वर्ष 2021–22 की प्रगति की समीक्षा।</td><td>वित्तीय वर्ष 2021–22 को वार्षिक कार्य योजना एवं बजट तथा Procurement Plan पर स्वीकृति प्रदान की गई।</td></tr>
<tr><td>2.</td><td>दिनांक 25.06.2021 को "Tripartite Portfolio Review Meeting (TPRM)" के आलोक में झारखण्ड ट्राईबल इम्पावरमेंट एण्ड लाईवलीहुड प्रोजेक्ट (JTELP) का 6 माह की अवधि विस्तार के संबंध में।</td><td>झारखण्ड ट्राईबल इम्पावरमेंट एण्ड लाईवलीहुड प्रोजेक्ट (JTELP) को निर्धारित 31.12.2021 तक समाप्त करते हुए नया Project Proposal बनाने का निदेश दिया गया।</td></tr>
<tr><td>3</td><td>JTDS कर्मियों के Salary Enhancement के संबंध में।</td><td rowspan="4">इस संबंध में पिछली बैठक में बनायी गई समिति, जिसमें विशेष सचिव एवं आदिवासी कल्याण आयुक्त सदस्य हैं, से वांछित प्रतिवेदन अबतक अप्राप्त होने पर यथाशीघ्र प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।</td></tr>
<tr><td>4.</td><td>JTDS के अंतर्गत कार्यरत कर्मियों का वार्षिक वेतन बढ़ोतरी 5% से बढ़ाकर 10% करने के संबंध में।</td></tr>
<tr><td>5.</td><td>कर्मियों के Earn Leave (EL) एवं Gratuity की राशि Consolidated Salary पर देने निमित्त स्वीकृति के संबंध में।</td></tr>
<tr><td>6.</td><td>प्रस्तावित नये DSA के संबंध में।</td></tr>
<tr><td>7.</td><td>JTELP परियोजना उपरांत नये परियोजना हेतु चर्चा एवं रू॰ 5 करोड़ की राशि का प्रावधान जिससे नये परियोजना हेतु PPR एवं DPR बनाया जा सके।</td><td>निदेशक मंडल द्वारा JTDS को अपने स्तर से PPR एवं DPR हेतु Basic Proposal तैयार कर शीघ्र ही प्रस्तुत करने को कहा गया। तत्पश्चात DPR & PPR विस्तार हेतु आगे कार्यवाई की जाएगी।</td></tr>
<tr><td>8.</td><td colspan="2">अन्य बिन्दु अध्यक्ष की सहमति से।<br><br>(क) JTDS द्वारा JTELP अंतर्गत किये जा रहे कार्यों (फसल आच्छादन, पशुधन सघनिकरण, समेकित प्राकृति संसाधन प्रबंधन इत्यादि) के उपर चर्चा की गई। निदेश दिया गया कि Line Deptt से सामंजस्य स्थापित कर योजनाओं को अधिक से अधिक लाभुकों तक पहूँचने का प्रयास किया जाय। साथ ही, JSLPS से इसे जोड़ने पर बल दिया गया। साथ ही, जहाँ वित्तीय सहायता की</td></tr>
</table>

| | |
|---|---|
| | अवश्यकता है उसके उपर एक योजना तैयार कर विभाग को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।<br><br>(ख) JTELP परियोजना का कार्याकाल 31.12.2021 को समाप्त हो रहा है, इसको ध्यान में रखते हुए वर्तमान में चल रही गतिविधियों का Exit Strategy तैयार करने की आवश्यकता पर चर्चा की गई। निदेश दिया गया कि इस संबंध में विस्तृत कार्य योजना तैयार करें ताकि परियोजना समाप्ति के उपरांत भी लाभुकगण लाभांवित होते रहें।<br><br>(ग) JTDS के सुदृढ़ीकरण पर भी चर्चा की गई। वर्त्तमान में JTDS के कार्य क्षेत्र (14 TSP जिला के 32 प्रखंड) को अन्य TSP प्रखंड (78) तथा वर्त्तमान प्रखंडों के बचे हुए पंचायत तक ले जाने की आवश्यकता है। इससे संबंधित एक वृस्तृत Concept Note बनाकर विभाग को जमा करने का निदेश दिया गया। इसके लिए अन्य Line Deptt. (पंचायती राज, कृषि विभाग, मत्स्य विभाग, डेयरी, पेय–जल विभाग) से चर्चा एवं परामार्श लेने का निदेश दिया गया है।<br><br>(घ) अपर परियोजना निदेशक के संबंध में निदेशक मंडल द्वारा यथास्थिति बनाये रखने हेतु निदेशित किया गया। |

अंत में राज्य परियोजना निदेशक के धन्यवाद के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

(भीष्म कुमार)
सदस्य सचिव, जे.टी.डी.एस. निदेशक मंडल
–सह–
राज्य परियोजना निदेशक

(कमल किशोर सोन)
अध्यक्ष, जे.टी.डी.एस. निदेशक मंडल
–सह–
सरकार के सचिव

**ज्ञापांक** JTDS/839/2021/1422 **राँची, दिनांक** 21/9/2021

प्रतिलिपि : सभी माननीय सदस्यों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

21/9/2021
(भीष्म कुमार)
सदस्य सचिव, जे.टी.डी.एस. निदेशक मंडल
–सह–
राज्य परियोजना निदेशक